मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो।

# आखिर कर्म ही महान



संकलित

## प्रेरणा

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान जरूरी

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए। *- प्रतीक मिश्रा, भिलाई*

## ट्रेंड


### विशिष्ट पहचान



थिरु सीपी राधाकृष्णन ने अपनी लगन, विनम्रता और बुद्धिमत्ता से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। विभिन्न पदों पर रहते हुए, उन्होंने हमेशा सामुदायिक सेवा और वंचितों के सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित किया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शोध पर चर्चा



पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. गाय लिटिलफेयर से भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच शैक्षणिक और शोध साझेदारी को और गहरा करने पर उपयोगी चर्चा हुई। खनन और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में उनकी व्यापक विशेषज्ञता और एक मजबूत प्रतिष्ठा है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### केस दर्ज होगा



वोटर लिस्ट में घपला करने वाला बड़े-से-बड़ा अधिकारी और बूथ स्तर तक का चुनावकर्मी देख ले कि उसकी बेईमानी पकड़े जाने पर केस भी होगा और निलंबन व दंडात्मक कार्रवाई भी। वो देश के साथ दगा करने का दोषी घोषित होगा।

- अखिलेश यादव, सपा नेता

### असाधारण उपलब्धि



जाकिर खान ने मैडिसन स्क्वायर गार्डन में जो कर दिखाया, ये एक असाधारण उपलब्धि हिन्दुस्तान का यह सितारा आज पूरी दुनिया से हिंदी में बातचीत कर रहा है और लोग रुक कर उसे सुन भी रहे हैं।

- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# इंडिया डे परेड पहली बार सिएटल में हुई आयोजित

भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सिएटल में पहली बार भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित 'इंडिया डे परेड' में भारत के सभी राज्यों की सांस्कृतिक झलकियां दिखाई गईं। शनिवार को हुई इस परेड में 'इंडिया पैवेलियन' भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) प्रदर्शित किए गए। सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता और शहर के मेयर ब्रूस हैरेल ने परेड की शुरुआत झंडी दिखाकर की। जैसे ही आकाश में तिरंगे गुब्बारे छोड़े गए, सड़कें भारतीय तिरंगे के रंगों से सराबोर हो गईं। सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि 'इंडिया पैवेलियन' में 30 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे, जहां भारत के 28 राज्यों के पारंपरिक उत्पाद, उनकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता के साथ प्रदर्शित किए गए। आगंतुकों ने क्षेत्रीय व्यंजनों का स्वाद लिया और सांस्कृतिक कलाकृतियों का अवलोकन किया, जिससे भारत की समृद्ध विरासत और परंपराओं की झलक मिली। लगभग 2,000 से अधिक लोगों को संबोधित करते हुए मेयर हैरेल ने कहा कि अमेरिका को भारत के प्रेम, करुणा और अहिंसा के संदेश से सीखना चाहिए।



## ऑफ बीट

# बच्चों को खाना खिलाना एक बड़ी समस्या

कई परिवारों के लिए बच्चों को भोजन कराना रोजाना एक चुनौती होती है। कोई बच्चा अचानक अपना पसंदीदा खाना खाने से मना कर देता है, कोई दिन भर कुछ न कुछ खिलाए जाने के कारण चिड़चिड़ा हो जाता है, भाई-बहन खाने की मेज पर झगड़ने लगते हैं। लेकिन अगर माता-पिता और बच्चों की देखभाल करने वाले लोग इस बारे में सलाह के लिए सोशल मीडिया का रुख करते हैं, तो इससे फायदे से ज्यादा नुकसान हो सकता है। क्योंकि सोशल मीडिया पर बच्चों को खाना खिलाना बिल्कुल आसान लगता है। हमारे नए शोध में पता चला है कि इंस्टाग्राम पर ऐसे कंटेंट की भरमार है, जिसमें भोजन के समय के अवास्तविक मानकों के बारे में बताया जाता है। इससे बच्चों की देखभाल करने वालों की समस्याएं और बढ़ सकती हैं। हम जानते हैं कि जब बच्चों को खाना खिलाने की बात आती है तो माता-पिता को कई दबावों का सामना करना पड़ता है, लेकिन उन्हें इस बारे में बहुत कम जानकारी होती है कि सोशल मीडिया किस प्रकार इन दबावों को बढ़ाने में योगदान दे रहा है। यह जानने के लिए कि सोशल मीडिया पर पारिवारिक भोजन को कैसे दर्शाया जाता है, हमने एक लोकप्रिय प्लेटफ़ॉर्म इंस्टाग्राम पर नजर डाली। लगभग दो अरब यूजर वाले इंस्टाग्राम पर खान-पान से जुड़ी तस्वीरों व वीडियो का अंबार है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# भारतीय मिसाइलों से बचने के लिए ईरान बॉर्डर के पास छिपे थे पाक वॉरशिप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

6 और 7 मई की रात को भारतीय हमलों ने पाकिस्तान और पीओजेके में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद नई दिल्ली ने इस्लामाबाद के डीजीएमओ को सूचित किया कि उसका मिशन पूरा हो गया। हालांकि, पाकिस्तान के नेतृत्व ने कड़ी जवाबी कार्रवाई की बात कही। लेकिन एक मीडिया चैनल ने अपनी ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस टीम द्वारा विश्लेषित कराची और ग्वादर बंदरगाहों की सैटेलाइट तस्वीरें जारी की हैं। उससे पता चलता है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की नौसेना का रुख रक्षात्मक था। संघर्ष के चरम पर, पाक नौसेना के युद्धपोतों को कराची के नौसैनिक गोदाम से हटाकर व्यावसायिक टर्मिनलों पर लाया गया, जैसा कि सैटेलाइट तस्वीरों में दिखाई देता है। इस बीच, अन्य युद्धपोत ग्वादर के पश्चिमी बंदरगाह पर शरण लेते नजर आए, जो ईरान की सीमा से महज 100 किमी दूर है, बजाय इसके कि वे भारत की ओर पूर्व की ओर बढ़ें।

### दावे की खुली कलई

ऑपरेशन सिंदूर से ठीक छह महीने पहले, पाकिस्तान की नौसेना ने दावा किया था कि उसने एक नया हथियार-'स्वदेशी रूप से विकसित' P282 शिप-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल जोड़ लिया है। लेकिन मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, तो स्थिति अलग दिखी। अंतरिक्ष कंपनी मैक्सर टेक्नोलॉजीज से मिली उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली व्यावसायिक तस्वीरों से पता चलता है कि इसके आधे जुल्फिकार-क्लास फ्रिगेट और अन्य युद्धपोत पश्चिम में ग्वादर में खड़े थे, जो ईरान की सीमा से महज 100 किलोमीटर दूर है।

### 22 अप्रैल को हुआ था पहलगाम में आतंकी हमला

#### पाक नौसेना की कमजोर तैयारी

शीर्ष सैन्य विशेषज्ञों ने तनाव के दौरान पाकिस्तान नौसेना की तैयारियों पर सवाल उठाए हैं। सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल एस.सी. सुरेश बंगारा, जो दक्षिणी नौसेना कमान के पूर्व कमांडर-इन-चीफ रहे और 1971 में कराची बंदरगाह पर हुए साहसिक हमले में शामिल थे। उन्होंने कहा किचूंकि हमारा आतंकी ढांचे पर 7 मई को हमला हुआ था और पाकिस्तान की तीनों सेनाओं को पूरी तरह सतर्क रहना चाहिए था, फिर भी उनके अग्रिम युद्धपोत बंदरगाह पर दिखना उनकी कम ऑपरेशनल तैयारियों को दर्शाता है।




### अस्थायी नौसैनिक शरण स्थल बना ग्वादर

चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का गहना कहे जाने वाले ग्वादर बंदरगाह को हाल ही में अस्थायी नौसैनिक शरण स्थल में बदल दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि 10 मई तक इसके कंटेनर भंडारण क्षेत्र खाली थे, लेकिन डॉक पर सैन्य जहाजों की भीड़ थी। इसमें दो जुल्फिकार-क्लास फ्रिगेट, दो बड़े तुगरिल-क्लास फ्रिगेट, नौसेना का एकमात्र अमेरिकी निर्मित ओलिवर हेजर्ड पेरी-क्लास फ्रिगेट, और दो समुद्री गश्ती जहाज शामिल थे। पूर्व में, कराची के नौसैनिक गोदाम असामान्य रूप से खाली थे, जबकि 8 मई की सैटेलाइट तस्वीरों में युद्धपोत व्यावसायिक कार्गो टर्मिनलों पर खड़े दिखे. बादलों से आंशिक रूप से ढके चित्रों में कम से कम चार पाकिस्तानी नौसेना जहाज व्यावसायिक बंदरगाहों और कंटेनर टर्मिनल के पास दिखाई दिए।

### भारत की ताकत व पाक का दबाव

इंटेल लैब के भू-खुफिया शोधकर्ता डेमियन साइमन ने बताया, 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत ने अपनी पहली जंगी तैनाती की, जिसकी अरब सागर में गति को पाक नौसेना ने उजागर किया। इससे नई दिल्ली के दबाव का अंदाजा हुआ। भारत के कराची पर संभावित हमले की तैयारी से पाकिस्तान ने अपनी नौसेना को तितर-बितर कर दिया और जहाजों को नागरिक डॉक पर ले गया।

# वोटर लिस्ट संशोधन बिहार भर का मुद्दा नहीं, यह लोकतंत्र की जड़ों पर हमला

संसद परिसर में विपक्षी दलों ने किया एसआईआर के खिलाफ जमकर प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ सोमवार को संसद भवन परिसर में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों ने सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह कवायद लोकतंत्र और मताधिकार पर सीधा हमला है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, राजद, द्रमुक, समाजवादी पार्टी और वामपंथी दलों के नेता संसद के मकर द्वार पर पोस्टर और बैनर लेकर पहुंचे। ''वोट चोर, गद्दी छोड़'और 'वोट चोरी बंद करो' जैसे नारे लगाते हुए सांसदों ने 'एसआईआर को रोको' लिखे बैनर लहराए। इस दौरान सांसदों के हाथों में ''वोट चोरी'लिखे बड़े पोस्टर भी नजर आए।

- चुनाव आयोग पर लगाया गंभीर आरोप, कहा-मताधिकार पर हमला
- संसद के दोनों सदन में हुई कार्यवाही ठप




### विपक्षी दलों का आरोप

विपक्षी दलों का आरोप है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी संख्या में गरीब, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। विपक्ष का कहना है कि चुनाव आयोग इस प्रक्रिया के जरिए मतदाताओं को उनके अधिकार से वंचित करने का प्रयास कर रहा है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह केवल बिहार का मुद्दा नहीं है बल्कि पूरे देश में लोकतंत्र की जड़ों पर हमला है। कांग्रेस सांसद का कहना है कि विपक्ष सभी लोकतांत्रिक तरीकों से यह सुनिश्चित करेगा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त निष्पक्ष बने रहें। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि विपक्ष मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर सकता है। यह बयान राजनीतिक हलकों में नए सियासी समीकरणों की ओर इशारा करता है।

### विपक्ष की खुली चर्चा की मांग संसद का गतिरोध

लोकसभा और राज्यसभा में सोमवार को भी विपक्ष की तरफ से जोरदार हंगामा किया गया है। इसके चलते दोनों सदनों की कार्यवाही कई बार स्थगित हुई। विपक्ष के हंगामे के बीच सरकार ने लोकसभा में जन विश्वास (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया। इसके अलावा राज्यसभा से भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 भी सरकार ने पारित कराया। विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों में एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग की है। उनका कहना है कि बिहार में यह संशोधन अभ्यास 'जनता के वोट छीनने' की साजिश है। इसे लेकर हर दिन विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के परिणामस्वरूप, 21 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र में अब तक ज्यादातर कामकाज ठप रहा है। मानसून सत्र में सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर, संसद की कार्यवाही बार-बार स्थगित हो रही है और महत्वपूर्ण विधायी काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। विपक्षी सांसदों का कहना है कि वे सरकार और चुनाव आयोग पर दबाव बनाए रखेंगे। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक चाहता है कि संसद में इस पर खुली बहस हो और बिहार समेत पूरे देश में मतदाता सूची से छेड़छाड़ की किसी भी संभावना को रोका जाए।

## 'द बंगाल फाइल्स': दर्ज हुई एफआईआर

**कोलकाता।** फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' रिलीज से पहले ही विवादों में है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसे लेकर हंगामा खड़ा हो गया है। फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान बंटवारे की आग की लपटें लोगों को झुलसा रही थीं तब की है। 1946 के दंगों को रोकने में अहम भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध बंगाली योद्धा गोपाल मुखर्जी के चित्रण को लेकर विवाद छिड़ गया है। गोपाल मुखर्जी के पोते शांतनु ने डायरेक्टर विवेक रंजन अग्निहोत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। दरअसल विवेक अग्निहोत्री ने एक रील में गोपाल को 'एक था कसाई गोपाल पाठा' के रूप में बताया, जशांतनु का दावा है कि यह उनके दादा के चरित्र का गलत चित्रण है।

बी एच ई एल BHEL भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
Bharat Heavy Electricals Limited
Corporate Office: BHEL House, Siri Fort, New Delhi-110 049

आर्टिजन भर्ती – 2025

बीएचईएल युवा, गतिशील और कुशल आर्टिजनस को को पावर, उद्योग, ट्रांसमिशन, नवीकरणीय ऊर्जा, परिवहन, ऊर्जा भंडारण, रक्षा और एयरोस्पेस, तेल और गैस के क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए आमंत्रित करता है।

कुशल आर्टिजनस के लिए 515 रिक्तियां*

उम्मीदवारों के पास कक्षा दसवीं **एवं** राष्ट्रीय व्यापार प्रमाण पत्र (NTC / ITI) **एवं** संबंधित व्यापार में राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र (NAC) होना चाहिए। सामान्य और OBC उम्मीदवारों के लिए NTC/ITI और NAC दोनों में न्यूनतम 60% अंक आवश्यक हैं, जबकि SC और ST उम्मीदवारों के लिए दोनों में न्यूनतम 55% अंक आवश्यक हैं।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए बीएचईएल भर्ती वेबसाइट का खुलना | 16 जुलाई, 2025 |
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 12 सितंबर, 2025 |

*नियुक्ति की शर्तों सहित विस्तृत जानकारी के लिए **careers.bhel.in** पर लॉग इन करें।

www.bhel.com /BHELOffical /BHEL_India /BHEL_India /bhel.india /company/bhel

# चुनाव आयोग ने जादू से जोड़ दिए 1 करोड़ नए मतदाता : राहुल

राहुल- तेजस्वी की 'वोटर अधिकार यात्रा' पहुंची गयाजी

एजेंसी ▶▶| गयाजी

बिहार में चल रही वोटर लिस्ट रिवीजन ( एसआईआर) के खिलाफ 'वोटर अधिकार यात्रा' के दूसरे दिन गयाजी में सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, '2024 के लोकसभा चुनाव और उसके 4 महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव के बीच चुनाव आयोग ने जादुई तरीके से 1 करोड़ नए मतदाता जोड़ दिए।' 'इंडिया गठबंधन का वोट प्रतिशत कम नहीं हुआ, वोट उतने ही रहे। लेकिन जहां नए मतदाता जुड़े, वहां भाजपा को जीत मिली। इसका मतलब है कि महाराष्ट्र और हरियाणा दोनों जगह चुनाव में वोट चुराए गए।' राहुल का काफिला औरंगाबाद से गयाजी पहुंचा था। खालिस पार्क चौक पर जनसभा में राजद नेता तेजस्वी यादव, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी और भाकपा माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य भी मौजूद रहे। इस दौरान विपक्षी नेताओं ने भाजपा, आरएसएस और चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा। तेजस्वी ने कहा, भाजपा को भगाना है। इन बेइमानों को सत्ता से हटाना है। इसके लिए सभी लोगों को एकजुट रहना होगा। राहुल गांधी ने वोट चोरी के मामले में अपने तर्क से चुनाव आयोग को नंगा कर दिया है। यदि चुनाव आयुक्त ने भाजपा की सदस्यता ले ली है तो जनता को बता दें, इसमें शर्माने की कोई बात नहीं है।



तेजस्वी ने कहा- चुनाव आयुक्त ने ले ली है भाजपा की सदस्यता


#### नहीं लगा पाओगे बिहारी को चूना

तेजस्वी ने आगे कहा कि चुनाव आयोग सोचता है कि बिहारी को चूना लगा देगा, लेकिन यह नहीं जानता कि बिहारी खैनी में चुना रगड़ देता है। बिहार लोकतंत्र की जननी है। अब भाजपा और गुजरात से आए नेता यह तय नहीं करेंगे कि यहां कौन वोट देगा और कौन नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बिहार को गरीबी, बेरोजगारी, पलायन, शिक्षा और स्वास्थ्य संकट में धकेल दिया है। इससे बचने के लिए बदलाव जरूरी है।

## तिरुचि एन शिवा होंगे विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनडीए के बाद विपक्ष भी उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार की जल्द ही घोषणा कर सकता है। विपक्ष से उपराष्ट्रपति पद के लिए राज्यसभा सांसद तिरुचि एन शिवा के नाम की चर्चा चल रही है। विपक्ष के कई दलों की इस नाम पर सहमति भी बन गई है, लेकिन अभी नाम की घोषणा नहीं की गई है। वर्तमान में राज्यसभा सांसद तिरुचि शिवा द्रविड़ मुनेत्र कड़गम पार्टी के सदस्य हैं। तिरुचि इस पार्टी से 1996, 2002, 2007,2014 और 2020 में लोकसभा के सदस्य भी रहे हैं। वे एक वक्ता और लेखक भी हैं। तिरुचि छात्र राजनीति के दौरान 1976 में आपातकाल के दौरान जेल भी गए थे। करीब 1 साल जेल में रहने के बाद वो रिहा हुए थे। इसके बाद वे डीएमके जिला छात्र शाखा के संगठनकर्ता के रूप में कार्य करने लगे। 1982 और 1992 के बीच तिरुचि ने डीएमके युवा शाखा के उप सचिव के रूप में कार्य किया है। इसके बाद 1992 से 2007 के बीच सचिव के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई। तिरुचि डीएमके के प्रचार सचिव और उप महासचिव भी रहे हैं।



## इधर, पीएम मोदी से मिले एनडीए उपराष्ट्रपति उम्मीदवार राधाकृष्णन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के उपराष्ट्रपति पद उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की है। इस मुलाकात की जानकारी एक्स पर एक पोस्ट कर जरिए देते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'थिरू सीपी राधाकृष्णन जी से मुलाकात की। एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने पर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। उनकी लंबी जनसेवा और विभिन्न क्षेत्रों का अनुभव हमारे राष्ट्र को समृद्ध करेगा। ईश्वर करे कि वे उसी समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ राष्ट्र की सेवा करते रहें जो उन्होंने हमेशा दिखाया है।' राधाकृष्णन के पक्ष में बीजेपी ने समर्थन जुटाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। राजनाथ सिंह ने सीपी राधाकृष्णन के गृह राज्य में सत्ताधारी पार्टी डीएमके के प्रमुख स्टालिन से इस संदर्भ में बात की।

### बीजेपी का उद्देश्य लोगों को धोखा देना : डीएमके

क्या डीएमके राधाकृष्णन के पक्ष में मतदान करेगी? यह एक बड़ा सवाल है। इस बारे में मीडिया से बातचीत करते हुए डीएमके नेता टी.के.एस. इलांगोवन ने सोमवार को आरोप लगाया कि बीजेपी ने अपने चुनावी फायदे को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए नामित किया है, क्योंकि तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव एक साल से भी कम समय में होने वाला है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का उद्देश्य लोगों को धोखा देना है क्योंकि राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार नामित करने से तमिलनाडु को 'कोई फायदा' नहीं होगा। डीएमके नेता ने स्पष्ट संकेत दिया कि उनकी पार्टी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी का समर्थन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन बीजेपी के कार्यकर्ता हैं और पार्टी द्वारा दूसरे शीर्ष संवैधानिक पद के लिए उनका नामांकन उनकी पदोन्नति है तथा इससे तमिलनाडु का 'कोई भला नहीं होने वाला है।'






### डीपीआई पर भेदभाव करने व दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप

# प्राचार्य पोस्टिंग में नियमों का पालन नहीं हाईकोर्ट में 11 याचिकाएं दाखिल

**बिलासपुर।** टी संवर्ग के 1335 पदों पर प्रिंसिपल की पोस्टिंग होनी है। इसके लिए डीपीआई ने काउंसलिंग का आदेश जारी कर दिया है। काउंसलिंग के लिए डीपीआई द्वारा बनाए गए मापदंड को चुनौती देते हुए संजय बडेरा सहित 11 लेक्चरर्स ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिका दायर की है।

- **याचिका में सभी 1355 शिक्षकों को काउसंलिंग में बुलाने की मांग**

याचिकाकर्ता शिक्षकों ने पोस्टिंग के लिए समान मापदंड व नियम की मांग करते हुए सभी 1355 शिक्षकों को काउसंलिंग में बुलाने की मांग की है। डीपीआई पर भेदभाव करने व दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप याचिका में लगाया है। याचिकाकर्ताओं ने



अपनी याचिका में कहा है कि काउंसलिंग के लिए समान मापदंड अपनाने की मांग की गई लेकिन इसे नहीं माना जा रहा है। खास तौर पर प्रिंसिपल पद के लिए टी संवर्ग के 1335 शिक्षकों के साथ दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। डीपीआई ऐसा कर भेदभाव कर रहा है। इससे पूरी प्रक्रिया दूषित हो जाएगी। एक ही पद पर पोस्टिंग के लिए दोहरा मापदंड क्यों अपनाया जा रहा है। यह समझ से परे है।

#### 491 पदोन्नत प्राचार्यों की काउंसलिंग नहीं

याचिका में बताया गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग में टी-संवर्ग के प्राचार्य पद पर 30 अप्रैल 2025 को 1335 व्याख्याता, व्याख्याता एल.बी.,प्रधान पाठक का प्रमोशन किया गया है। छ.ग. स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्य प्रमोशन पत्र के कंडिका 3 में स्पष्ट निर्देशित है कि उपरोक्त समस्त 1335 पदों पर पदस्थापना कांउसिलिंग के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए संचालक लोक शिक्षण को अधिकृत किया गया है। राज्य सरकार के निर्देश पर डीपीआई को कांउसिलिंग पश्चात समस्त प्राचार्यों के पदस्थापना प्रस्ताव शासन को भेजना होगा। किन्तु लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 14 अगस्त 2025 को सूचना जारी की गई जिसमें केवल 845 पदों पर पदस्थापना हेतु कांउसलिंग किया जाना बताया गया है। याचिका के मुतताबिक वर्तमान में 1366 पद रिक्त है एवं 1335 पद हेतु प्रमोशन आदेश जारी किया गया है। इस स्थिति में 491 पदोन्नत प्राचार्यों का कांउसलिंग से पदस्थापना नहीं की जा रही है।

## संविदा स्टाफ नर्स को मिला मातृत्व अवकाश का वेतन

हाईकोर्ट के आदेश के बाद संविदा स्टाफ नर्स को मातृत्व अवकाश का वेतन भुगतान कर दिया गया है। हाईकोर्ट में सोमवार को हुई सुनवाई में शासन ने बताया कि कबीरधाम जिला अस्पताल में काम करने वाली संविदा स्टाफ नर्स को मातृत्व अवकाश (मातृत्व छुट्टी) के दौरान का पूरा वेतन दे दिया गया है। ज्ञात हो कि नर्स ने 16 जनवरी 2024 से 16 जुलाई 2024 तक मातृत्व अवकाश लिया था। 21 जनवरी को उन्होंने बेटी को जन्म दिया और 14 जुलाई को वापस ड्यूटी ज्वाइन की। छुट्टी तो मंजूर हुई थी, लेकिन सरकार ने इस दौरान का वेतन नहीं दिया। जबकि छत्तीसगढ़ सेवा नियम 2010 में साफ लिखा है कि मातृत्व अवकाश के समय वेतन देना जरूरी है। इसलिए नर्स ने पहले रिट याचिका और फिर आदेश न मानने पर अवमानना याचिका कोर्ट में लगाई। मामले में न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने पूर्व सुनवाई में ही शासन से कड़े शब्दों में पूछा था कि आदेश के बावजूद वेतन क्यों नहीं दिया गया। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की थी कि यह मामला केवल आर्थिक अधिकार का नहीं बल्कि महिलाओं के सम्मान और गरिमा से संबंधित है। सोमवार को सरकार ने कोर्ट को बताया कि अब उस नर्स को पूरा वेतन दे दिया गया है, इसलिए अब अवमानना की याचिका खत्म हो गई।

- **हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने दिया वेतन, दायर की थी याचिका**

## शराब घोटाला मामले में फंसे आबकारी अफसरों को लगा झटका

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाल मामले में फंसे आबकारी विभाग के अधिकारियों को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सोमवार को हाईकोर्ट ने सभी 29 अधिकारियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की गिरफ्तारी से बचने के लिए इन सभी अधिकारियों ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी, जिसे जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की सिंगल बेंच ने सुनवाई के बाद खारिज करते हुए साफ कहा कि आरोपी निचली अदालत में सरेंडर करें और वहीं से जमानत के लिए आवेदन लगाए। बता दें कि छत्तीसगढ़ में हुए हजारों करोड़ के इस शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने करीब 29 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच में सामने आया है कि विभागीय मिलीभगत से ओवर बिलिंग, नकली बारकोड और डमी कंपनियों से अवैध वसूली की गई। इस मामले में पेश किए गए चालान के बाद कोर्ट ने पहले ही दोषी अधिकारियों को 20 अगस्त तक उपस्थित होने का आदेश दिया था। जिसके बाद सभी दोषी अधिकारियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिकाएं लगाई थीं। जिस पर आज सुनवाई के बीच शासन की ओर से अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किया। हाईकोर्ट ने सभी 29 अधिकारियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। माना जा रहा है कि हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद अब सभी अधिकारियों पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है।

## पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर के बेटे की केलो डेम में डूबने से मौत

**रायगढ़।** लाखा स्थित केलो डेम में रविवार की देर रात पीडब्ल्यूडी विभाग में पदस्थ सब इंजीनियर के बेटे की डूबने से मौत हो गई। सोमवार की सुबह पुलिस की टीम गोताखोरों के साथ केलो डेम पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद युवक का शव मछली मारने के जाल में फंसा मिला। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

दरअसल छोटे अतरमुड़ा निवासी पीडब्ल्यूडी में पदस्थ सब इंजीनियर डीके प्रधान का बेटा सुशांत प्रधान, 25 साल रविवार की



देर रात अपने दोस्तों पुरेन्द्र सिंह निवासी गोरखा और अविनाश सारथी निवासी कोष्टापारा के साथ कार से लाखा स्थित केलो डेम पहुंचा था। रात करीब दो बजे वह डेम के पिछले हिस्से में हाथ-मुंह धोने के लिए पानी में उतरा और अचानक गायब हो गया।

#### दोस्तों से चल रही पूछताछ

इस घटना के बाद शहरवासियों के जेहन में कई सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि रात 2 बजे आखिर तीनों युवक केलो डेम करने क्या गए थे। वहीं सुशांत का शव मिला है उसमें वह सिर्फ हाफ पेंट पहना हुआ था या तो क्या वह नहाने के लिए ही पानी में उतरा था। वहीं अगर वो नहाने के लिए पानी में गया तो उसके दोस्तों के कैसे भनक नहीं लगी या उन्होंने उसे क्यों नहीं रोका। मामला संदेहास्पद होने पर पुलिस सुशांत के दोस्तों से पूछताछ कर रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके। फिलहाल इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो चुका है।

## कथित सुसाइड मामले में बॉडी ढूंढने निकली पुलिस को महानदी में मिली किसी दूसरी महिला की लाश

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब लाश ढूंढने निकली पुलिस को किसी दूसरी महिला की लाश मिली। पुलिस, जिस महिला की लाश ढूंढने निकली थी, उस महिला की लाश की अब तक बरामदगी नहीं हो पाई है। पुलिस को किसी ने सूचना दी थी कि एक महिला ने महानदी पुल से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली है। इसके बाद पुलिस तथा गोताखोरों की टीम नदी में महिला की पतासाजी करने उतरी हुई है। हांलाकी किसी ने महिला को ब्रिज से नीचे छलांग लगाते नहीं देखा है। मौके पर पुलिस को महिला की स्कूटी और उसका दुपट्टा मिला है, दुपट्टा में स्कूटी की चाबी बंधी मिली है। परिस्थिति को देखते हुए पुलिस ने महिला के खुदकुशी करने की आशंका व्यक्त की है।पुलिस के अनुसार पारागांव निवासी स्वाति त्रिवेदी (27) की खुदकुशी करने की सुबह जानकारी मिली। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस की टीम विवेचना में जुट गई है। नदी में तेज बहाव होने की वजह से पुलिस तथा गोताखोरों की टीम को स्वाति को ढूंढने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
**Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनाँक 03.09.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 95 | 172751 | कांकेर संभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 150.00 लाख |
| 2 | 96 | 173732 | माकड़ी से झकरपारा मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.00 किमी. पुल-पुलिया सहित। | 116.31 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है। डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 03.09.2025 है।

नोट:- प्रथम आमंत्रण

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल कांकेर**

**जी. 252602844/5**



**Office of the Executive Engineer (E/M) Division, Public Health Engineering Department, Raipur (C.G)**
**Email.id:- emeerpr-phe-cg@gov.in**

NIT No. 05/2025-26 /TS/EE/(E/M)/PHED/ Raipur / Dated 13.08.2025

**SYSTEM TENDER NO. 173737**
**SHORT NOTICE INVITING ONLINE TENDERS (2ND CALL)**
**(In Form A.B.C.)**

Online tender are invited in three envelope system in form ₹C₹ on behalf of Governor of Chhattisgarh for the Supply, Testing, Commissioning and Trial Run of following equipment from the reputed ISO 9001 accredited manufacturers. The tender documents may also be downloaded by other technically eligible manufacturers having valid ISO award certificate/Registered with DGS&D/MSME/State and Central industries Department for supplying such equipment to Unicef, Central Govt./ State Govt. Departments and undertakings.

| Sr. No. | Name of Work | Qty. | Probable amount of contract (In Rs. lacs |
|---|---|---|---|
| 1 | Supply, Testing, Commissioning and trial run of single Truck mounted Hydraulically operated Hydrofracture unit suitable for 125 mm and 150 mm dia borewell consisting of following items inclusive of essential accessories for working depth of 180 meter. The machine is equipped with high pressure water injection pump (Reciprocating pump) flow (335-350) LPM at (120-140) bar coupled with Water Cooled Diesel Engine, Mast, Water Tank, Packer Assembly, Packer Inflation pump with hose pipe, Generator Set, Submersible Pump, Injection pipe etc. with all required accessories and T&P for successful operation of Hydrofracture Unit and water tanker truck mounted (minimum capacity-8000 Ltr.) as per annexure-"B". | 01 HF Unit | 199.38 Lac |

Online Release NIT :- 13.08.2025 Bid Due Date :- 10.09.2025

The details tender documents can be downloaded from the web Portal https://eproc.cgstate.gov.in. Only those Manufacture bidder, interested in bidding shall have to pay the processing charges as per required.

**Executive Engineer (E&M) Dn**
**Public Health Engineering Department**
**Raipur (C.G.)**

**G-252602857/2**


# शराब घोटाला को लेकर ईडी ने चैतन्य की पांच दिन के लिए मांगी रिमांड

**रायपुर।** करोड़ों रुपए के शराब घोटाला में आरोपी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य की न्यायिक रिमांड खत्म होने के बाद सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया।



शराब घोटाला में नए तथ्य मिलने का दावा करते हुए ईडी ने चैतन्य से पूछताछ करने पांच दिनों की पुलिस रिमांड देने कोर्ट में आवेदन लगाया है। कंडोलेंस (शोक सभा) होने की वजह से रिमांड पर सुनवाई नहीं हो पाई। चैतन्य को रिमांड पर देने ईडी तथा बचाव पक्ष के वकील मंगलवार को दलील पेश करेंगे। ईडी की विशेष कोर्ट ने चैतन्य को एक दिन के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया। चैतन्य को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 11 बजे सेंट्रल जेल से कोर्ट लाया गया। ईडी की वकील ने कोर्ट में आवेदन पेश करते हुए दावा किया कि जांच के दौरान ईडी को शराब घोटाले में नए तथ्य मिले हैं। इसके लिए चैतन्य से पूछताछ कर जरूरी जानकारी जुटाने ईडी ने चैतन्य की पांच दिनों की पुलिस रिमांड देने मांग की है। पिछली सुनवाई 4 अगस्त को हुई थी। इस दौरान कोर्ट ने चैतन्य को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया था। इसके पहले चैतन्य की ओर से सुप्रीम कोर्ट में गिरफ्तारी को गलत बताते हुए चुनौती दी गई थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई से इनकार कर हाईकोर्ट जाने के लिए कहा था। इसके बाद भूपेश और चैतन्य के वकील हर्षवर्धन परगनिहा ने याचिका दायर की है।

- **रिमांड को लेकर कोर्ट में आज होगी सुनवाई**
- **एक दिन के लिए न्यायिक रिमांड बढ़ाई गई**

#### डेढ़ माह से जेल में बंद

ईडी ने चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन पर 18 जुलाई को भिलाई स्थित उनके निवास से गिरफ्तार किया था। पूछताछ करने के बाद ईडी ने चैतन्य को कोर्ट में पेश किया। इसके बाद से वे न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। जांच के दौरान क्या नए तथ्य मिले हैं, मंगलवार को ईडी कोर्ट में तर्क पेश करेगी, इसके बाद इस बात की जानकारी मिल पाएगी।

## सिम्स के स्टूडेंट्स और रेजिडेंट डाक्टर टिफिन में ही खाना मंगा सकेंगे, पालीथिन पर प्रतिबंध , बाहरी एंबुलेंस पर भी रहेगी रोक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस (सिम्स) की बदहाल व्यवस्था को लेकर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने सिम्स के डीन और कलेक्टर से शपथपत्र के साथ जवाब मांगा था। डीन ने सोमवार को शपथ पत्र दाखिल कर दिया। इसमें कहा गया है कि सिम्स प्रबंधन ने नई व्यवस्था लागू कर दी है। डीन डॉ. रमणेश मूर्ति की ओर से दाखिल इस शपथ पत्र में कहा गया है कि अब सिम्स के हॉस्टल में पॉलीथिन पर बैन लगा दिया गया है। इसी तरह सिम्स के स्टूडेंट्स और रेजिडेंट डॉक्टर सिर्फ टिफिन में ही खाना मंगा सकेंगे। टिफिन को भी खुले जगह में नहीं रखा जाएगा। टिफिन को परिजन या गार्ड के कमरे में ही रखने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ ही प्राइवेट एंबुलेंस अब सिम्स परिसर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इन वाहनों को सिम्स परिक्षेत्र से बाहर ही खड़ करना होगा। इसका उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हाईकोर्ट ने मामले को मानिटरिंग के लिए रखा है।




- **सिम्स की बदहाल व्यवस्था को लेकर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की**
- **टिफिन को परिजन या गार्ड के कमरे में ही रखने के आदेश दिए गए हैं**


**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संभाग-02 रायपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**विज्ञापन क्र.-353**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग-02 रायपुर अंतर्गत (1) सामान्य आवास योजनांतर्गत नरदहा रायपुर में प्रस्तावित 59 एल.आई.जी., 22 एम.आई.जी.-1, 11 दुकानों (फेस-IV) एवं भूमि के बाह्य विकास (पार्ट) कार्य एवं (2) अटल विहार योजनांतर्गत भूरकोनी जिला रायपुर में प्रस्तावित 13 एम.आई.जी., 26 एल.आई.जी. एवं 42 ई.डब्ल्यू.एस. कुल 81 स्वतंत्र भवनों (ग्रुप-2) के निर्माण कार्य हेतु प्री-क्वालीफिकेशन के आधार पर ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कुल 02 कार्यो की विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल की वेबसाईट www.cghb.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालयीन समय पर कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग-02 रायपुर में संपर्क कर सकते है।

**कार्यपालन अभियंता**
**मो.नं. 9424209041**

**सं. 44932**


## राशिफल



**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।




**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।



**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।



**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।



**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।



**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।



**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।



**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।




**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।




**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।



**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन का उद्घाटन करने आ सकते हैं अमित शाह

**रायपुर।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह का एक बार फिर रायपुर आने वाले हैं। सहकार भारती की ओर से 2 दिवसीय राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन का आयोजन पहली बार रायपुर में होने जा रहा है। दो दिवसीय अधिवेशन 23 और 24 अगस्त को नया रायपुर के जैनम मानस भवन में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्घाटन करने के लिए अमित शाह आ सकते हैं। समापन में राज्यपाल रमन डेका रहेंगे। आज-कल में केंद्रीय मंत्री का फाइनल कार्यक्रम आ जाएगा। संभावना है कि यहां आने के बाद वे नक्सलवाद पर भी प्रदेश सरकार के साथ बैठक कर सकते हैं। नक्सलवाद को समाप्त करने की डेडलाइन करीब आ रही है। अमित शाह ने ही मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को समाप्त करने का ऐलान किया है।




**छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर**

**सूचना**

क्रमांक 16359/दो-14-1/2024 बिलासपुर, दिनांक 14/08/2025

Adv. No. 02/2024 (Staff Car Driver)

स्टॉफ कार ड्राईवर के पद हेतु प्रथम चरण की लिखित परीक्षा दिनांक 03/08/2025 को आयोजित की गई थी। उक्त लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण कुल 225 अभ्यर्थियों का द्वितीय चरण की प्रायोगिक परीक्षा, परीक्षा स्थल **"ट्रैफिक पार्क, ग्राम लगरा, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय बिलासपुर के बगल में, सीपत रोड बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)"** में दिनांक 07/09/2025 से दिनांक 09/09/2025 तक लिया जाना संभावित है।

उक्त प्रायोगिक परीक्षा हेतु आहूत किये जाने वाले अभ्यर्थियों की सूची छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है। साथ ही प्रायोगिक परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर शीघ्र ही उपलब्ध करा दिया जायेगा, जो उनकी परीक्षा के लिये वैध / अधिकृत प्रवेश पत्र होगा।

प्रायोगिक परीक्षा की तिथि / समय / स्थल में यदि परिवर्तन होता है तो उक्त परिवर्तन की जानकारी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट पर तथा स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से दी जायेगी।

विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

**(मनीष कुमार ठाकुर)**
**रजिस्ट्रार जनरल**

**जी. 252602848/1**



**छत्तीसगढ शासन वन विभाग सामान्य वन मंडल धरमजयगढ (छ.ग.)**

**ई-नीलाम विज्ञापन**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वन मंडल धरमजयगढ के काष्ठागार धरमजयगढ में उपलब्ध ईमारती एवं जलाऊ लकडी का दर्शित तिथि समय में ई-नीलाम किया जावेगा।

1. ई-नीलाम दिनांक - 21-08-2025 2. ई-नीलाम समय - प्रात: 09:00 बजे से प्रारंभ


| अ. क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 176.253 | 0 | 176.253 | 0 |
| 2 | साल | 450.000 | 800 | 1581.537 | 1685 | 2031.537 | 2485 |
| 3 | बीजा | 20.000 | 0 | 91.366 | 0 | 111.366 | 0 |
| 4 | खम्हार | 0 | 0 | 7.873 | 0 | 7.873 | 0 |
| 5 | साजा | 20.000 | 300 | 41.045 | 954 | 61.045 | 1254 |
| 6 | हल्दू | 2.000 | 0 | 15.016 | 0 | 17.016 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 20.000 | 0 | 4.052 | 802 | 24.052 | 802 |
| 8 | सलिहा | 5.000 | 0 | 5.362 | 0 | 10.362 | 0 |
| 9 | अन्य | 30.000 | 200 | 147.562 | 1552 | 177.562 | 1752 |
| 10 | आर.टी.एल | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **योग** | **547.000** | **1300** | **2070.066** | **4993** | **2617.066** | **6293** |
| 11 | जलाऊ | 200 चट्टा | - | 1655 चट्टा | 0 | 1855 चट्टा | - |

अत: इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे ई-नीलाम में भाग लेवें। ई-नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में डिपो से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त मात्रा में कमी- अधिकता संभव है।

**वनमण्डलाधिकारी**
**धरमजयगढ़ वनमण्डल**

**जी. 252602842/1**


## शब्द पहेली - 5962




**बाएँ से दाए**

1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रात:काल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**

1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 5961 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5972

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5971 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### ईसी के खिलाफ...

संदेहों का जवाब नहीं दिया है या उन्हें दूर नहीं किया है। सूत्रों ने बताया कि इस बारे में अभी विचारविमर्श जारी है, हालांकि विपक्षी दल फिर से मिलेंगे और इस पर आगे की रणनीति बनाएंगे। इस कदम के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस नेता नसीर हुसैन ने कहा कि वे इस संबंध में हर लोकतांत्रिक तरीका अपनाएंगे। उन्होंने कहा, हमें कल उम्मीद थी कि निर्वाचन आयोग जनता द्वारा उठाई जा रही सभी चिंताओं और सवालों का जवाब देगा और लोगों की शंकाओं को दूर करेगा।

### गांधी ने पूजा-अर्चना...

गया पहुंचे। भरी भीड़ को गया के मैदान में संबोधित करते हुए राहुल गांधी दोगुने उत्साह से लबरेज नजर आए। चुनाव आयोग के मुद्दे को उन्होंने भाजपा के खिलाफ एक "राजनीतिक अस्त्र" के रूप में उपयोग करने की कोशिश की। भीड़ से उन्होंने पूछा, वोट चुराया जा रहा हा न? जिंदा कौम की तरह भीड़ से आवाज आई - हां। उनमे से कई मंच पर जाकर हकीकत अपनी आपबीती बताना चाह रहे थे। बाद में सभी को राहुल गांधी से मिलवाया गया।

### पात्रा बोले- देश...

चाहते हैं कि भारत में भी वही हालात हों, जो पड़ोसी देशों में देखे गए। जहां हिंसा और मारकाट हुई, लेकिन भारत की जनता समझदार है, वो इनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्ष द्वारा चुनाव आयोग पर सवाल उठाने को लेकर भी निशाना साधा।

### हफ्तेभर में दूसरा...

जवान आ गए। आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी के जवान दिनेश नाग शहीद हो गए। यह विस्फोट प्रेशर था या कमांड स्विच था इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिली है। बहरहाल नक्सलियों की कायराना हरकत के चलते एक बार फिर जवान की शहादत हुई है। ब्लास्ट में तीन अन्य जवान भरत धीवर, पैकू इंला और मुंदारू राम कवासी घायल हुए हैं। घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में जवानों ने सर्चिंग अभियान तेज कर दिया है।**उल्लूर घाटी क्षेत्र के चिल्ला मरका गांव के करीब हुआ ब्लास्ट**-जानकारी के मुताबिक घटना बीजापुर जिले के भोपालपटनम क्षेत्र स्थित नेशनल पार्क इलाके के उल्लूर घाटी से लगे चिल्ला मरका गांव के करीब यह ब्लास्ट हुआ है। चिल्ला मरका गांव के करीब नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी ब्लास्ट हुआ जिसकी चपेट में आने से जवानों को नुकसान उठाना पड़ा। स्वतंत्रता दिवस से पहले भी आईईडी ब्लास्ट की घटना हुई थी। बीजापुर के ही भैरमगढ़ ब्लॉक के माटवाड़ा थाना क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस के पहले भी आईईडी ब्लास्ट हुआ था जिसकी चपेट में आने से एएसआई घायल हो गए थे। **गार्ड ऑफ ऑनर के बाद हुआ अंतिम संस्कार**-घटना के बाद शहीद जवान का पार्थिक शरीर बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया। यहां पोस्टमॉर्टम के बाद गार्ड ऑफ ऑनर देकर शहीद जवान के परिजनों को पार्थिव शरीर सौंपा गया। शहीद जवान दिनेश नाग का परिवार बीजापुर के संजय पारा में रहता है। पीएम के बाद विधायक विक्रम मण्डावी, आईजी सुंदरराज पी, एसपी जितेन्द्र यादव व अन्य अधिकारी व जवानों ने पार्थिव शरीर को कंधा देकर उनके घर रवाना किया गया। जहां काफी गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### शहादत व्यर्थ नहीं...

आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं तथा घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं और इसीलिए ऐसी कायराना हरकतें कर रहे हैं। डीआरजी के जवान दिनेश नाग की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। नक्सलवाद का खात्मा हमारा संकल्प है और इस दिशा में हम हर हाल में सफल होंगे।

### गर्भवती पत्नी ने...

